श्री जनक सिंह, माननीय स0वि0स0 द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित याचिका संख्या–527/26 का उत्तर प्रतिवेदन।

| क्र0 सं0 | प्रतिहस्ताक्षरित याचिका संख्या–527/26 | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|---|
| 1 | हम सारण जिलान्तर्गत अंचल पानापुर के निवासी प्रार्थना करते हैं कि सारण जिला अन्तर्गत सारण मुख्य नहर के शीर्ष बिन्दु 113 से छपरा शाखा नहर के सर्विस रोड का पक्कीकरण का कार्य वर्ष 2014 में प्रारम्भ किया गया, जिसका आजतक कार्य पूर्ण नहीं किया गया। जिससे उक्त पथ का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है और उस पर हुए व्यय का कोई औचित्य नहीं रह गया है।<br>अतः याचिका के माध्यम से सरकार से याचना करते है कि आमजनों को हो रही समस्या को देखते हुए इस उक्त पथ का पक्कीकरण कार्य शीघ्र पूर्ण करवाने की कृपा की जाय । | वस्तुस्थिति यह है कि :–<br>• प्रश्नगत छपरा शाखा नहर, सारण मुख्य नहर के वि0दू0 113 (कि0मी0 34.45) से निःसृत है। छपरा शाखा नहर की कुल लंबाई कि0मी0 73.49 है।<br>• प्रश्नगत नहर के कि0मी0 14.32 से 25.91 तक के अंश में सेवा पथ का कालीकरण कार्य की निविदा की गयी थी, जिसे वित्तीय वर्ष 2022–23 में प्रारम्भ कर वर्ष 2023 में पूर्ण करा लिया गया था। उक्त सेवापथ अंश वर्तमान में अच्छी स्थिति मे है।<br>• इसके अतिरिक्त प्रंश्नगत नहर के कि0मी0 0.00 से कि0मी0 14.32 तथा कि0मी0 25.91 से नहर के अंतिम बिन्दु कि0मी0 73.49 के अंश में नहर सेवापथ के पक्कीकरण की कोई योजना का क्रियान्वयन जल संसाधन विभाग द्वारा नहीं किया गया है। उक्त अंश कच्चा परन्तु नहर निरीक्षण हेतु आवागमन योग्य है।<br>• आमजन के उपयोग हेतु आवश्यकता को ध्यान में रखकर सड़क निर्माण करने वाले विभाग द्वारा अगर इस नहर सेवा पथ की पक्कीकरण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र की माँग की जाती है, तो नियमानुसार निर्गत करने की कार्रवाई की जाएगी। |

P.T.O

8

# बिहार सरकार
## जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0स0या0(सि0)–07–15 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक–430 दिनांक–15.04.2026 के प्रसंग में याचिका सं0–527 / 26 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0या0(सि0)–07–15 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0या0(सि0)–07–15 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0या0(सि0)–07–15 / 2026– 3017 पटना, दिनांक– 13/07/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

10.07.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
10.7.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo